मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

29 अगस्त, 2023 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सर्वे चौक स्थित आई.आर.डी.टी. सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में 'मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना'का शुभारंभ किया तथा कुछ खिलाड़ियों को दो-दो हज़ार रुपए का चेक भी प्रदान किया।

प्रमुख बिंदु

- इस योजना से उत्तराखंड के 14 से 23 वर्ष के 2600 खिलाड़ी लाभान्वित होंगे।
- इस योजना से राज्य के प्रत्येक जनपद से बालक एवं बालिका वर्ग में 100-100 खिलाड़ी लाभान्वित होगें।
- प्रत्येक खिलाड़ी को प्रतिमाह 02-02 हज़ार रुपए की छात्रवृत्ति एवं खेल संबंधी उपकरण लेने के लिए प्रतिवर्ष 10-10 हज़ार रुपए प्रदान किये जाएंगे।
- मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना' के तहत खिलाड़ियों को चेक भी प्रदान किये।
- इस दौरान मुख्यमंत्री ने पैरालंपिक खिलाड़ियों एवं नेशनल पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल प्राप्तकर्त्ता अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा को भी सम्मानित किया।
- राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य में खेल से जुड़ी चार घोषणाएँ कीं-
- मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून के खिलाडियों हेतु 200 बेड के छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा।
- हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज लेलू, पिथौरागढ़ के खिलाड़ियों हेतु 50 बेड के छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा।
- उत्तराखंड के खिलाड़ियों का दैनिक भोजन भत्ता 250 रुपए से बढ़ाकर भारतीय खेल प्राधिकरण की भाँति 480 रुपए प्रतिदिन, प्रति खिलाड़ी किया जाएगा।
- राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले उत्तराखंड के खिलाड़ियों को साधारण बस एवं स्लीपर रेल किराया से बढ़ाते हुए एसी बस अथवा थ्री टीयर एसी ट्रेन यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/launch-of-chief-minister-s-sports-promotion-scheme